मारवाड़ी सम्मेलन, कामरुप शाखा द्वारा अंर्तराष्ट्रीय योग शिविर का आयोजन

मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा द्वारा 21 जुन 2017 बुधवार को स्थानीय तेरापंथ भवन में प्रात: 5:45 बजे से तृतीय अंर्तराष्ट्रीय योग शिविर स्थानीय महेश योग समिति, अनुब्रत समिति एवं मारवाड़ी युवा मंच की गुवाहाटी शाखा के साथ संयुक्त रूप से तेरापंथ भवन में आयोजन किया गया। योग शिविर तेरापंथ भवन के निचे तल्ला में पुरूषों के लिए एवं पहला तल्ला पर महिलाओं के लिए व्यवस्था कि गई। इस शिविर में महेश योग समिति के सह–आचार्य श्री मदन मोहन मल्ल, श्री शंकर बील, श्री सुनील अग्रवाल एवं श्री गिरधारीलाल झवंर ने पुरूषों को एवं श्रीमती कुसुम जालान, श्रीमती अनिता अग्रवाल, श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती सुशीला अग्रवाला ने महिलाओं को योगा और प्राणायाम करवाये। संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय अंर्तराष्ट्रीय योग शिविर के कार्यक्रम में चारों संस्था के सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। शिविर में शहर के करिब 200 लोगों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम का लाभ उठाया। इस मौके पर तेरापंथ धर्म संघ के मुनिश्री कमल कुमारजी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा की योग स्वयं भी कीजिए एवं समाज लोगों को भी प्रेरित कीजिये ताकि स्वास्थ्य पर इसका अनुकूल असर पड़े, जिससे एक स्वस्थ समाज की रचना हो सके।

इस आयोजन में तेरापंथ सभा के अध्यक्ष श्री सुनील सेठिया एवं मंत्री श्री निर्मल कोटेचा उपस्थित थे। मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष श्री संपत मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष श्री विनोद लोहिया, मंत्री श्री निरंजन सीकरिया, कोषाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक श्री दिनेश गुप्ता एवं शाखा के कार्यकारिणी सदस्य श्री राजीव अग्रवाल, श्री प्रभात शर्मा, श्री अजित शर्मा, श्री बजरंग बैद, श्री अशोक मालू के अलावा सहयोगि संस्था के सदस्य भी उपस्थित थे।